**SHREE RAJASTHAN SYNTEX LTD.**
*Regd. & H.O.* : 27-A, First Floor, Meera Nagar,
Housing Board Colony,
Udaipur (Raj.)-313001;
M.No. 9314879380
Email: cs@srsl.in; Website: www.srsl.in
CIN: L24302RJ1979PLC001948
(Mills: Village- Udaipura, Simalwara Road, Dungarpur- 314001)
(Under Pre-Packaged Insolvency Resolution Process)

**Date: 30th May, 2024**

**To,**
**The Department of Corporate Services**
**BSE Limited**
P.J. Towers, Dalal Street,
Mumbai - 400 001

**Subject: Newspaper advertisement pertaining to publication of Financial Results for the quarter and year ended March 31, 2024.**
**Scrip Code: 503837 (SHREE RAJASTHAN SYNTEX LTD.)**

**Dear Sir,**

Pursuant to Regulation 47(1)(b) of SEBI (LODR) Regulations, 2015, please find enclosed herewith the copies of Newspaper Advertisement for extract of Audited Financial Results for the quarter and year ended March 31, 2024, published in "Jaipur Mahanagar Times" (Hindi edition) and "Financial Express" (English edition).

Please take the same on your records.

Yours Faithfully,
Thanking You

**For, SHREE RAJASTHAN SYNTEX LIMITED**

Vikas Ladia
Digitally signed by Vikas Ladia
Date: 2024.05.30 14:18:24 +05'30'

**VIKAS LADIA**
**MANAGING DIRECTOR & CEO**
**DIN: 00256289**

Date: 30th May, 2024
Place: Udaipur

## मेट्रो ड्रीम लैंड मेले में खरीदारी के लिए युवाओं ने दिखाया उत्साह

महानगर संवाददाता

**उदयपुर।** फतह स्कूल मैदान पर चल रहे मेट्रो ड्रीम लैंड मेले में कई आकर्षक उत्पादों की खरीदारी के लिए शहरवासियों की खासी रौनक बनी हुई है। जोधाणा पब्लिसिटी के दिनेश गौड़ ने बताया यहां हर वर्ग के लोग एक ही जगह और खरीददारी का आनंद ले रहे हैं। कोई भी व्यक्ति हो चाहे गरीब या मध्यम वर्ग का या अमीर सभी के लिए भाव हर वस्तु का बराबर ही है। युवाओं में यह खासा लोकप्रिय हो गया है। बुधवार सवेरे से लेकर मेला समाप्ति तक युवाओं की खासी भीड़ रही। युवाओं को खासकर ब्राण्डेड शर्ट, टी शर्ट, जींस पसन्द आ रहे हैं। युवतियां भी मार्डन लुक के कपड़ों को ज्यादा महत्व देते हुए उन्हें खरीद रही हैं। नौतपा की भीषण गर्मी के बावजूद शहरवासी मनपसंद उत्पाद खरीदने आ रहे हैं। शाम 4 बजे बाद से मेला समाप्ति तक प्रांगण बड़े.बूढ़े, युवाओं से गुलजार हो जाता है। मेला 2 जून तक चलेगा।

## सहकार संघ करेगा विधायक, सांसद का अभिनंदन

महानगर संवाददाता

**उदयपुर।** उदयपुर जिला सहकार संघ कार्यालय में एक बैठक में आगामी कार्यकमों पर चर्चा की गई। इसमें निर्णय हुआ कि 8 जून को नवनिर्वाचित विधायक एवं सांसद का जिले के सरकारविदों द्वारा अभिनंदन किया जाएगा। जिसमें प्रदेश के सहकारिता मंत्री को मुख्य अतिथि हेतु आमंत्रित किया जाएगा। भंडार के पूर्व अध्यक्ष प्रमोद सामर के मुख्यातिथ्य में जिला सहकार संघ अध्यक्ष डायालाल लबाना की अध्यक्षता में बैठक हुई। अध्यक्ष लबाना ने बताया आयोजन में संस्था की सफल सहभागिता हेतु भूमि विकास बैंक अध्यक्ष रेवाशंकर गायरी, उपाध्यक्ष किशनलाल निमावत, बैंक अध्यक्ष डॉ किरण जैन, डेयरी अध्यक्ष डालचंद डांगी, ऋय विक्रय सहकारी समितियों के अध्यक्ष परमानंद मेहता, डीपी मीणा, शंकरलाल पालीवाल, भंडार पूर्व उपाध्यक्ष देवनारायण धाबाई आदि उपस्थित रहे।

## राज्यस्तरीय कुश्ती स्पर्द्धा 30 से, राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय पहलवान दिखाएंगे दांवपेच

महानगर संवाददाता

**उदयपुर।** उस्ताद लक्ष्मण उस्ताद अर्जुन की स्मृति में 30 मई से होने वाली राज्यस्तरीय अंडर 17 कुश्ती प्रतियोगिता के लिए जिला कुश्ती संघ उदयपुर की तैयारी पूरी हो गई है। राजस्थान कुश्ती संघ के उपाध्यक्ष मांगीलाल कटारिया ने बताया प्रतियोगिता का उद्घाटन मेवाड़ महामंडलेश्वर रासबिहारी शरण शास्त्री द्वारा करेंगे। मुख्य अतिथि शहर विधायक ताराचंद जैन, विशिष्ट अतिथि सुधीर बक्षी, उप महापौर पारस सिंघवी, वीरमदेवसिंह कृष्णावत, दिलीप मूंदड़ा, पृथ्वीराज उस्ताद, राधेश्याम आर्य, उमेदसिंह झांझरिया, भंवरसिंह चौहान होंगे। आयोजन सचिव डॉ हरीश राजोरा ने बताया प्रतियोगिता में राजस्थान के 400 से ज्यादा पहलवान भाग लेंगे। प्रतियोगिता पीएम श्री फतह उच्च माध्यमिक विद्यालय के मैदान पर होगी। अंतरराष्ट्रीय नियम इस स्पर्द्धा में प्रथम रहने वाला पहलवान 7 जून को प्रस्तावित राष्ट्रीय चयन प्रतियोगिता दिल्ली में भाग लेगा।

## मारवाड़ी कैटलिस्ट्स का स्टार्टअप्स के लिये 100 करोड़ का फंड लॉन्च

महानगर संवाददाता

**उदयपुर।** स्टार्टअप एक्सेलेरटेर मारवाड़ी कैटलिस्ट्स जो भारत के टियर 2. टियर 3 शहरों में उद्यमशीलता की भावना को जाग्रत कर रहा है, ने अपने पहले अल्टरनेटिव इन्वेस्टमेंट फ्ड एआईएफकैट 1 ऐंजल फ्ड के लिये सेबी से स्वीकृति हासिल कर ली है। 300 स्टार्टअप्स को समर्थन देने के लिये समर्पित 100 करोड़ रूपये के फ्ड के साथ मारवाड़ी कैटालिस्ट्स एमकैट्स ने 9000 से ज्यादा स्टार्टअप्स का मूल्यांकन कर उसमें से 80 से अधिक स्टार्टअप्स का एक प्रभावशाली पोर्टफोलियो बनाया है और इनमें से 8 ने महत्वपूर्ण तरक्की हासिल की है।

## भगवान शनिदेव की जयंती 6 को, खेमपुरा भोईवाड़ा मंदिर पर समारोह की तैयारी

महानगर संवाददाता

**उदयपुर।** भगवान शनिदेव की 6 जून को जयंती समारोह और धार्मिक आयोजनों से धूमधाम से मनाई जाएगी। इसके लिए शहर के खेमपुरा भोईवाड़ स्थित भगवान शनिदेव मंदिर में समारोह की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। मंदिर पुजारी जगदीश जोशी, अध्यक्ष महेन्द्र गुस्सर ने बताया कि ज्येष्ठी अमावस पर 6 जून को भगवान शनिदेव का जयंती समारोह धूमधाम से मनाया जाएगा।

श्री सूर्य पुत्र शनि भगवान नवयुवक मंडल के भक्त व्यवस्थाओं में जुट गए हैं। भक्तों ने आग्रह किया कि सभी अपनी मनोकामना पूर्ति, साढ़े साती, ढैया के जातक अपनी परेशानियों के निवारण के लिए मंदिर में दर्शन के लिए आएं। जयंती पर प्रात मंगला आरती एवं देव प्रतिमा की आंगी, शृंगार कर दोपहर ढाई बजे आंगी, शृंगार, पुष्प वर्षा, शाम साढ़े चार बजे वहन, शाम साढ़े सात बजे महा आरती, इत्र वर्षा एवं आतिशबाजी, आरती के बाद भोजन परसादी और श्री शनि भगवान कथा के साथ भजन संध्या का आयोजन होगा। कथावाचक किशनलाल मालवीय होंगे। भक्तों से मंदिर में दर्शन लाभ लेने का आग्रह किया गया है।

## भारी सचिव ने ली जिले के अधिकारियों की बैठक

महानगर संवाददाता

**चित्तौड़गढ़।** जिले के प्रभारी सचिव एवं अध्यक्ष डिस्कॉम एवं प्रबंध निदेशक, जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड भानु प्रकाश एटरू ने आज जिला परिषद सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली। प्रभारी सचिव ने गर्मी के मौसम में जिले में पानी और बिजली संकट के साथ हीटवेव को लेकर व्यवस्थाओं की समीक्षा की। अधिकारियों को मुख्यालय नहीं छोड़ने और फिल्ड में रहकर जनता को राहत देने के निर्देश दिए। वहीं इसके साथ अन्य विभागों के कार्यों की भी समीक्षा की। प्रभारी सचिव ने पीने के पानी की उपलब्धता और सप्लाई को लेकर जलदाय विभाग के अधिकारियों से जानकारी ली।

अधिकारियों को बेहतर जल प्रबंधन करते हुए आमजन को पेयजल की राहत देने के निर्देश दिए। उन्होंने भीषण गर्मी एवं हीट वेव में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग सहित नगर परिषद द्वारा किए जा रहे कार्य की समीक्षा की और कहा कि सरकार की मंशा के अनुसार आमजन और पशु-पक्षियों को पानी की समस्या नहीं हो, इसके लिए पुख्ता व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए। फील्ड स्टाफ को अलर्ट रहने, मांग पर टैंकर को तुरंत भेजने के निर्देश दिए।

वहीं बिजली संकट को लेकर बिजली विभाग के अधिकारियों को व्यवस्था सुचारू करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान प्रभारी सचिव ने हीटवेव को लेकर पीएचसी और सीएचसी पर मरीजों के लिए दवाओं की पर्याप्त व्यवस्था, कूलर की व्यवस्था के भी निर्देश दिए। मौसमी बीमारियों के लिए पूरी सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। अधिकारियों को मुख्यालय नहीं छोड़ने और अधिक से अधिक फिल्ड में रहकर लोगों को राहत देने के निर्देश दिए।

# भोजन सही होगा तो ही स्वस्थ रहेगा हमारा शरीर : गार्गी

### भवानी निकेतन में नया दृष्टिकोण वाला शिविर

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** सीकर रोड स्थित भवानी निकेतन में आयोजित किए जा रहे नया दृष्टिकोण वाले शिविर में दूसरे दिन बुधवार को सन टू ह्यूमन प्रमुख परमालय की प्रशिक्षिका मां गार्गी ने कहा कि हमारा जीवन अमूल्य है। इसे संभाल कर रखना होगा। इसका उपयोग सही करेंगे तो जीवन में आनंद प्राप्त होगा। शरीर को सुचारू रूप से चलाने के लिए भोजन मुख्य आधार है। हमें भोजन का डिजाइन किस रूप में करना है इसे पूरी तरह समझना होगा। भोजन सही होगा तो शरीर सही रहेगा। हम अपने शरीर को स्वस्थ और सही रख सकते हैं।

यदि हमारा भोजन सही होगा तो हमारा आचरण भी सही होगा। हम जैसा भोजन करते हैं वैसा ही हमारा शरीर कार्य करेगा। आज तक विज्ञान कोई ऐसी चीज नहीं बना पाया जो रक्त का निर्माण कर सकें। भोजन ही एक ऐसी चीज है जिससे रक्त बनता है। भोजन ही रक्त में कन्वर्ट होता है। आज हम अपनी कार जिसकी कीमत लाखों में होती है उसका पूरा ध्यान रखते हैं। हम उसे गलत जगह नहीं चलाते और ना ही किसी कार से जानबूझकर कहीं टकराते है। यदि कार में पेट्रोल खत्म हो जाए तो जहां अच्छा पेट्रोल पंप होता है वहीं से पेट्रोल लेकर आते हैं। हम पेट्रोल की जगह उसमें डीजल नहीं डालते या डीजल की जगह पेट्रोल नहीं डालते।

कार का जो भोजन है वही उसमें डालते हैं। जबकि हम अपने शरीर में कुछ भी डाल लेते हैं। कचौड़ी, पकौड़ी, पिज़्ज़ा, बर्गर आदि। हम यह एक बार भी नहीं सोचते कि हमारे शरीर के लिए यह क्या कार्य करेगा। हमारे शरीर के लिए खाने लायक भी है या नहीं।

### अन्नमय कोष हमारी पहली सीढ़ी

मां गार्गी ने कहा कि अन्नमय कोष हमारी पहली सीढ़ी होती है। यदि हमारा अन्नमय कोष सही होगा तो प्राणमय कोष, आनंदमय कोष और बाकी सभी चीजें सही होगी। शिविर के दौरान शरीर की भीतर की संरचना के बारे में बताया। इसमें कैसे हमारा भोजन किन-किन हिस्सों से होकर गुजरता है और शरीर में जाकर कैसे पचता हैं और उसे किस-किस प्रकार कार्य करना पड़ता है इसके बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी। हमें शुगर हो जाती है तो उसे हम उसे ठीक करते हैं, कंट्रोल में लाते हैं फिर पुनः अपना भोजन खराब करते हैं, फिर वापस वहीं आ जाते हैं जहां से शुरू हुए थे। शिविर स्थल पर नाभि झटका प्रयोग, ताली बजाना, ताड़ासन आदि प्रयोग भी करवाएं। मीडिया प्रभारी राजेश नागपाल ने बताया कि साधकों ने शिविर के बाद 20 प्रकार का विशेष एल्कलाइन नाश्ता किया और भरपूर शीतल छाछ का आनंद लिया। सन टू ह्यूमन के प्रमुख सूत्रधार परमालय बुधवार को जयपुर पहुंचे। साधकों ने उनका स्वागत किया। उनका तिलक चंदन लगाकर और तालियां बजाकर अभिनंदन किया गया।

# संवत्सर के राजा मंगल करेंगे मेष राशि में प्रवेश

- रुचक योग से बढ़ेगा देश का मान-सम्मान
- मेष राशि को मंगल के लिए एक अनुकूल स्थिति माना गया है



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** वर्तमान संवत्सर के राजा मंगल मीन राशि की यात्रा समाप्त कर एक जून को दोपहर बाद मेष राशि में प्रवेश करेंगे। मंगल इस राशि पर 12 जुलाई तक गोचर करेंगे। उसके बाद वृषभ राशि में चले जाएंगे। ज्योतिषाचार्य पं. सुरेन्द्र गौड़ ने बताया कि मंगल का अपनी राशि मेष में गोचर करने के परिणाम स्वरूप कई राशि के जातकों के लिए रूचक योग बनेगा, जिसका प्रभाव बड़ा शुभकारी रहेगा। मिश्रा ने बताया कि मंगल का मेष राशि में होना ऊर्जावान, नीडर, तीव्र, गतिशील, साहस एवं पराक्रम से भरपूर होने का संकेत देता है। मेष राशि मंगल के लिए एक अनुकूल स्थिति माना गया है। मेष राशि मंगल के स्वामित्व की ही राशि है और इस कारण से मंगल का यहां होना काफी अच्छा और सकारात्मक प्रभाव देने वाला भी होता है। मंगल ग्रह ज्योतिष शास्त्र में अदम्य साहस का प्रतीक बनता है। व्यक्ति के भीतर जो भी हिम्मत और निर्णय लेने में तेजी होती है, वह मंगल के द्वारा ही प्राप्त होती है। मेष राशि एक अग्नि तत्व युक्त राशि और चलायमान गुण पाती है।

### राशियों पर गोचर का असर

**मेष राशिः** मंगल का प्रभाव वरदान की तरह है। कोई भी बड़ा कार्य आरंभ करना हो, किसी नए अनुबंध पर हस्ताक्षर करना हो, जमीन-जायदाद का क्रय विक्रय करना हो, सेना, पुलिस अथवा अग्निशमन विभाग में नौकरी आदि के लिए आवेदन करना हो, रियल एस्टेट के क्षेत्र में भाग्य आजमाना हो तो उनके लिए बेहतरीन अवसर है। जिद और आवेश को नियंत्रित रखते हुए कार्य करेंगे तो अधिक सफल रहेंगे।

**वृषभ राशिः** राशि से बारहवें व्यय भाव में गोचर करते हुए मंगल का प्रभाव कई तरह के अप्रत्याशित परिणाम वाला रहेगा। अत्यधिक भागदौड़ और खर्च का सामना करना पड़ेगा। दूरगामी परिणाम आपके पक्ष में रहेगा। यात्रा देशाटन का लाभ मिलेगा। विदेशी मित्रों, संबंधियों से सुखद समाचार प्राप्ति के योग बन रहे हैं। मामले कोर्ट कचहरी से बाहर ही सुलझा लेना समझदारी रहेगी। किसी को भी अधिक धन उधार के रूप में न दें।

**मिथुन राशिः** राशि से एकादश लाभ भाव में गोचर करते हुए मंगल का प्रभाव आपके लिए हर तरह से सफलता कारक सिद्ध होगा। कार्यक्षेत्र का विस्तार तो होगा ही उच्चाधिकारियों से भी संबंध मजबूत बनेंगे। परिवार के वरिष्ठ सदस्यों से सहयोग मिलेगा। संतान के दायित्व की पूर्ति होगी। नवदंपति के लिए संतान प्राप्ति और प्रादुर्भाव के भी योग बन रहे हैं। व्यापारिक सफलताओं का सिलसिला तो चलता रहेगा।

**कर्क राशिः** राशि से दशम कर्म भाव में गोचर करते हुए मंगल का प्रभाव आपको मनोनुकूल फल प्रदान करेगा। सामाजिक पद प्रतिष्ठा बढ़ेगी। निर्णय और कार्यों की सराहना होगी। सरकारी विभागों के प्रतीक्षित कार्य भी संपन्न होंगे। किसी नए टेंडर के लिए आवेदन करना चाह रहे हों तो उस दृष्टि से भी समय बेहद अनुकूल रहेगा। जमीन-जायदाद के मामले हल होंगे। मकान अथवा वाहन का भी क्रय कर सकते हैं।

**सिंह राशिः** राशि से नवम भाग्य भाव में गोचर करते हुए अपनी ही राशि में मंगल साहस और पराक्रम की वृद्धि कराएंगे। कार्य में सफलता मिलेगी, अत्यधिक खर्च और भागदौड़ का भी सामना करना पड़ेगा। विदेशी कंपनियों में सर्विस, नागरिकता के लिए किया गया प्रयास भी सफल रहेगा। अपनी रणनीतियों और योजनाओं को गोपनीय रखते हुए कार्य करेंगे तो अधिक सफल रहेंगे।

**कन्या राशिः** राशि से अष्टम आयु भाव में गोचर करते हुए स्वगृही मंगल कई तरह के उतार-चढ़ाव और अप्रत्याशित परिणामें का सामना करवाएंगे। कार्यक्षेत्र का विस्तार तो होगा लेकिन कई बार आपको परिश्रम के अनुरूप फल नहीं मिलेगा। इसके प्रति हताश न हो। स्वास्थ्य के प्रति चिंतनशील रहें। परिवार में अलगाववाद की स्थिति उत्पन्न न होने दें। आकस्मिक धन प्राप्ति का योग बनेगा। काफी दिनों का प्रतीक्षित कार्य भी संपन्न होगा। विवादित मामले कोर्ट कचहरी से बाहर ही सुलझाएं और षड्यंत्र का शिकार होने से बचें।

**तुला राशिः** राशि से सप्तम दांपत्य भाव में गोचर करते हुए मंगल हर तरह से लाभदायक रहेंगे यद्यपि इस राशि के लिए कहीं न कहीं नुकसानदेय भी रहते हैं फिर भी कार्य-व्यापार की दृष्टि से इनका गोचर काल उत्तम रहेगा। साझा व्यापार करने से दूर ही रहें। नौकरी में स्थान परिवर्तन के लिए प्रयास करना चाह रहे हों तो उस दृष्टि से यह समय उत्तम रहेगा। वैवाहिक वार्ता सफल होने में थोड़ा और समय लगेगा। सामाजिक पद प्रतिष्ठा बढ़ेगी। लिए गए निर्णयों की सराहना होगी।

**वृश्चिक राशिः** आपकी राशि के स्वामी मंगल का स्वगृही होकर शत्रु भाव में गोचर करना आपके लिए किसी वरदान से कम नहीं है। सफलताओं का सिलसिला चलता रहेगा। परिवार में मांगलिक कार्यों का सुअवसर आएगा। आध्यात्मिक उन्नति भी होगी। कोर्ट कचहरी के मामलों में निर्णय आपके पक्ष में आने के संकेत। इस अवधि में किसी को अधिक धन उधार के रूप में देंगे तो वह धन देर सवेर डूब ही जाएगा।

**धनु राशिः** राशि से पंचम विद्या भाव में गोचर करते हुए मंगल का प्रभाव बेहतरीन रहेगा। विद्यार्थियों और प्रतियोगिता में बैठने वाले छात्रों और इंजीनियरिंग के क्षेत्र से जुड़े प्रतियोगियों के लिए यह समय बेहद उत्तम रहेगा। विद्यार्थी वर्ग विदेश में पढ़ाई करने के लिए जाने का प्रयास कर रहे हों तो अवसर अच्छा है आप प्रयास कर सकते हैं। संतान के दायित्व की पूर्ति होगी। नव दंपति के लिए संतान प्राप्ति एवं प्रादुर्भाव के भी योग बन रहे हैं। प्रेम संबंधी मामलों में कहीं न कहीं उदासीनता और अलगाववाद की स्थिति उत्पन्न होगी।

**मकर राशिः** राशि से चतुर्थ सुख भाव में गोचर करते हुए मंगल मिलाजुला फल प्रदान करेंगे। कार्यक्षेत्र में सफलताओं का सिलसिला तो चलता रहेगा किंतु कहीं न कहीं पारिवारिक कलह और मानसिक अशांति का सामना करना पड़ेगा। माता-पिता के स्वास्थ्य के प्रति भी चिंतनशील रहें। मकान अथवा वाहन का क्रय करना चाह रहे हों तो उस दृष्टि से ग्रह-गोचर अच्छा रहेगा। सरकारी विभागों के प्रतीक्षित कार्य संपन्न होंगे। नए टेंडर के लिए आवेदन करना हो तो उस दृष्टि से भी समय सर्वथा अनुकूल ही रहेगा।

**कुंभ राशिः** राशि से तृतीय पराक्रम भाव में गोचर करते हुए मंगल आपको कठोर निर्णय लेने वाला बनाएंगे। किसी भी बड़ी जिम्मेवारी का निर्वहन बखूबी कर लेंगे। धर्म और आध्यात्म के प्रति रूचि तो होगी ही जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए आगे आएंगे। परिवार में नए मेहमान के आगमन से माहौल खुशनुमा रहेगा। गुप्त शत्रु परास्त होंगे। आर्थिक धोखाधड़ी का शिकार होने से बचें। जो लोग नीचा दिखाने की कोशिश में लगे थे वही मदद के लिए आगें आएंगे। सामाजिक पद-प्रतिष्ठा में निरंतर वृद्धि होती रहेगी।

**मीन राशिः** राशि से द्वितीय धन भाव में गोचर करते हुए मंगल का प्रभाव मिलाजुला फलकारक रहेगा। स्वास्थ्य विशेष करके आंख, कान, नाक से संबंधित बीमारी के प्रति सावधान रहने की आवश्यकता है। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। दिया गया धन भी वापस मिलेगा। आकस्मिक धन प्राप्ति का योग बनेगा। अपनी योजनाओं को गोपनीय रखते हुए कार्य करेंगे तो अधिक सफल रहेंगे । कार्यक्षेत्र में षड्यंत्र का शिकार होने से बचें। काफी पुराना जायदाद संबंधी विवाद हल होगा।

## श्याम बाबा की भक्ति का जमेगा रंग, प्रवाहित होंगी भजनों की सरिता

महानगर संवाददाता

**भीलवाड़ा।** लाखों भक्तों की आस्था के केन्द्र भीलवाड़ा के शास्त्रीनगर सी सेक्टर स्थित श्री श्याम मंदिर के 27वें वार्षिकोत्सव पर 30 मई गुरूवार को श्री श्याम मंदिर सेवा मण्डल समिति द्वार भक्ति से ओतप्रोत विविध आयोजनों के माध्यम से श्याम बाबा की आराधना कर अपनी श्रद्धा-भक्ति उनको समर्पित की जाएगी। शास्त्रीनगर सी सेक्टर पार्क स्थित श्री श्याम मंदिर में होने वाले इन आयोजनों से जुडी तैयारियां पूरी कर ली गई है। मंदिर के संस्थापक अध्यक्ष मनोज अग्रवाल बताया कि वार्षिकोत्सव के अवसर पर अखंड ज्योत प्रज्वलित करने के साथ श्याम बाबा की प्रतिमा का विशेष श्रृंगार कर मनोरम झांकी सजाई जाएगी। मंदिर परिसर में भी देश-विदेश से मंगाए फूलों से भव्य सजावट की जाएगी। भगवान के छप्पन भोग की झांकी सजाई जाएगी। गुरूवार सुबह 7.30 बजे शास्त्रीनगर स्थित नीलकंठ महादेव मंदिर से सी सेक्टर स्थित श्री श्याम मंदिर तक निशान पदयात्रा निकाल श्याम बाबा के श्रीचरणों में श्रद्धा के पुष्प अर्पित किए जाएंगे। इस निशान पदयात्रा में बड़ी संख्या में श्याम बाबा के भक्तगण शामिल होंगे। वार्षिकोत्सव पर रात 8 बजे से प्रभु इच्छा तक श्याम मंदिर परिसर में विशाल भजन संध्या का आयोजन होगा। मंदिर समिति के अध्यक्ष सुशील कन्दोई ने बताया कि इस भजन संध्या में मशहूर भजन गायक कोलकात्ता के सौरभ शर्मा एवं नीमच की कनिका ग्रोवर श्याम बाबा की भक्ति के विभिन्न रंगों से ओतप्रोत भजनों की प्रस्तुति देकर माहौल को भक्तिमय बनाएंगे।

# राहगीरों को शीतल पेय वितरित कर पहुंचाई राहत

महानगर संवाददाता

**भीलवाड़ा।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार एवं प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के आह्वान पर भीषण गर्मी के दौर में भाजपा जिला संगठन ने आमजन व पशु पक्षियों को राहत पहुंचाने का निर्णय लिया है। अभियान का शुभारंभ जिला मुख्यालय स्थित सूचना केंद्र के बाहर सांसद सुभाष बहेड़िया के मुख्य आतिथ्य, जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा की अध्यक्षता एवं सभापति राकेश पाठक, पूर्व मंत्री कालूलाल गुर्जर, पूर्व न्यास अध्यक्ष एल एन डाड, वरिष्ठ नेता पेंटर सूरज की विशिष्ट उपस्थिति में हुआ। जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया ने बताया कि शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने कहा कि जिले में भीषण गर्मी से आमजन के साथ-साथ पशु पक्षियों को भी राहत पहुंचाने के उद्देश्य से भाजपा जिले भर में प्याऊ एवं शीतल पेय वितरण केंद्र की स्थापना के साथ पशु पक्षियों के चारे एवं दाने पानी की व्यवस्था करेगी, साथ ही बड़ी संख्या में परिण्डों का वितरण भी किया जाएगा। इसी के तहत इस अभियान का शुभारंभ सूचना केंद्र से किया गया है और आगामी दिनों में भी यहां शीतल पेय का वितरण निरंतर जारी रहेगा। इसके अलावा शहर में अन्य स्थानों के साथ जिले भर में भी यह केंद्र शीघ्र प्रारंभ किए जा रहे हैं। वहीं सूचना केंद्र पर भाजपा जनप्रतिनिधियों वरिष्ठ नेताओं, जिला, मंडल एवं मोर्चों के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने स्वयं आमजन एवम राहगीरों को शीतल पेय वितरित किया।


## श्री राजस्थान सिंटेक्स लिमिटेड

CIN -L24302RJ1979PLC001948
पंजीकृत कार्यालयः 27-ए, प्रथम तल, मीरा नगर, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, उदयपुर-313001
टेलीफोनः 91-9314879380, वेबसाइट www.srsl.in ई-मेलः cs@srsl.in

**31 मार्च, 2024 को समाप्त तिमाही और वर्ष हेतु लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का सारंश**

(प्रति शेयर डेटा को छोड़कर लाख रुपये में)

| क्र. सं. | विवरण | तिमाही समाप्ति 31.03.2024 | तिमाही समाप्ति 31.12.2023 | तिमाही समाप्ति 31.03.2023 | वर्ष समाप्ति 31.03.2024 | वर्ष समाप्ति 31.03.2023 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | संचालन से कुल आय | 452 | 692 | 1,339 | 3,735 | 5,278 |
| 2 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर पूर्व, आपवादिक और/या असाधारण मद) | 1,435 | (556) | (2,207) | (14) | (4,309) |
| 3 | कर पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) आपवादिक और/या असाधारण मद पश्चात् | 12,666 | (556) | (2,220) | 11,215 | (4,322) |
| 4 | कर पश्चात् अवधि हेतु शुद्ध लाभ/ (हानि) (आपवादिक और/या असाधारण मद पश्चात्) | 12,666 | (556) | (2,227) | 11,215 | (4,329) |
| 5 | अवधि हेतु कुल व्यापक आय [अवधि हेतु लाभ/(हानि) (कर पश्चात्) और अन्य व्यापक आय (कर पश्चात्) शामिल] | 12,747 | (559) | (2,245) | 11,287 | (4,342) |
| 6 | प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी | 2,801 | 1,370 | 1,370 | 2,801 | 1,370 |
| 7 | आरक्षित (पुनर्मूल्यांकन को छोड़कर) | - | - | - | (1,479) | (12,767) |
| 8 | प्रति शेयर आय रुपए में (रु. 10 प्रत्येक का अंकित मूल्य) (वार्षिककृत नहीं) | | | | | |
| | 1. मूलभूत (वार्षिकीकृत नहीं) | 45.22 | (4.06) | (16.25) | 40.04 | (31.60) |
| | 2. तरलीकृत (वार्षिकीकृत नहीं) | 45.22 | (4.06) | (16.25) | 40.04 | (31.60) |

नोटः
1 उपरोक्त सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकता) विनियम 2015 के विनियम 33 के अंतर्गत स्टॉक एक्सचेंज में दाखिल तिमाही और वर्ष के अंत में लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सारांश है। तिमाही वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप बीएसई लिमिटेड हेतु स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.bseindia.com और कंपनी की वेबसाइट www.srsl.in पर उपलब्ध है।
2. यह विवरण धारा 133 के अंतर्गत निर्धारित कंपनी (भारतीय लेखा मानक) नियम, 2015 (IND AS) के अनुसार तैयार किया गया है। कंपनी अधिनियम, 2013 और अन्य मान्यता प्राप्त लेखा प्रथाओं और नीतियों के अनुसार लागू सीमा तक।
3. उपरोक्त परिणामों की लेखापरीक्षा समिति द्वारा समीक्षा की गई है और 28 मई, 2024 को आयोजित कंपनी के निदेशक मंडल द्वारा इसकी बैठक में अनुमोदित किया गया है। वैधानिक लेखा परीक्षकों ने वित्तीय परिणामों की लेखापरीक्षा की है।
4. पिछली अवधि / वर्ष के आंकड़ों को जहाँ भी आवश्यक पाया गया, पुनः समूहीकृत/पुनः व्यवस्थित और/या पुनर्गठित किया गया है।

बोर्ड के आदेश से
(अनुभव लाडिया)
पूर्णकालिक निदेशक
(डीआईएनः 00168312)

स्थानः उदयपुर
दिनांकः 28.05.2024



## श्री राजस्थान सिंटेक्स लिमिटेड

CIN -L24302RJ1979PLC001948
पंजीकृत कार्यालयः 27-ए, प्रथम तल, मीरा नगर, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, उदयपुर-313001
ई-मेलः cs@srsl.in, वेबसाइट www.srsl.in, टेलीफोनः 91-9314879380

**डाक मतपत्र की सूचना**

कंपनी अधिनियम, 2013 (अधिनियम) की धारा 108 और 110 के अनुसार, कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 20 और 22, विनियम 44 और भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के अन्य लागू विनियमों के साथ पठित, श्री राजस्थान सिंटेक्स लिमिटेड (कंपनी) के सदस्यों को यह सूचना दी जाती है कि निम्नलिखित एजेंडा आइटम इलेक्ट्रॉनिक के माध्यम से मतदान सहित डाक मतपत्र के माध्यम से अनुमोदन के लिए कंपनी के सदस्यों द्वारा विचार के लिए प्रस्तावित हैं।

| क्र.सं. | कार्यसूची |
|---|---|
| 1 | श्री राजीव शर्मा (डीआईएनः 01342224) की निर्दलीय के रूप में नियुक्ति कंपनी के निदेशक (विशेष संकल्प) |

एमसीए परिपत्रों के अनुपालन में, कंपनी ने बुधवार, 29 मई, 2024 को केवल इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से कंपनी के उन सदस्यों को डाक मतपत्र नोटिस भेजने का काम पूरा कर लिया है, जिनके नाम कंपनी/डिपॉजिटरी द्वारा बनाए गए सदस्यों के रजिस्टर/लाभार्थी स्वामियों की सूची में क्रमशः शुक्रवार, 24 मई, 2024 ("कट-ऑफ तिथि") को कारोबारी समय समाप्त होने पर दर्ज हैं और जिनके ई-मेल पते कंपनी/डिपॉजिटरी के पास पंजीकृत हैं। पोस्टल बैलेट नोटिस कंपनी की वेबसाइट www.srsl.in स्टॉक एक्सचेंज अर्थात बीएसई की वेबसाइट www.bseindia.com, और एनएसडीएल की वेबसाइट www.evoting.nsdl.com पर उपलब्ध है।

जिन सदस्यों के नाम कट-ऑफ तिथि को सदस्यों के रजिस्टर/लाभार्थी स्वामियों की सूची में शामिल हैं, वे डाक मतपत्र नोटिस में निर्धारित प्रस्ताव पर मतदान करने के हकदार हैं। सदस्यों के मतदान अधिकारों की गणना कट-ऑफ तिथि को उनके द्वारा धारित चुकता इक्विटी शेयरों के अनुपात में की जाएगी। जो व्यक्ति कट-ऑफ तिथि को सदस्य नहीं है, वह डाक मतपत्र नोटिस को केवल सूचना के उद्देश्य से ही उपयोग करेगा।

कंपनी ने अपने सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक तरीके से वोट देने के लिए रिमोट ई-वोटिंग की सुविधा भी प्रदान की है। सदस्यों के पास पोस्टल बैलेट या रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से वोट करने का विकल्प है। इस उद्देश्य के लिए, कंपनी ने रिमोट ई-वोटिंग की सुविधा के लिए छैक्स की सेवाएँ ली हैं, ताकि सदस्य इलेक्ट्रॉनिक तरीके से भी वोट डाल सकें। रिमोट ई-वोटिंग सहित वोटिंग के लिए विस्तृत प्रक्रिया और निर्देश पोस्टल बैलेट नोटिस में दिए गए हैं। रिमोट ई-वोटिंग सहित पोस्टल बैलेट शुक्रवार, 31 मई, 2024 को सुबह 09:00 बजे (1ST) से शुरू होगा और शनिवार 29 जून, 2024 को शाम 05:00 बजे (1ST) पर समाप्त होगा। उपर्युक्त तिथि और समय के बाद प्राप्त पोस्टल बैलेट वैध नहीं होगा और ई-वोटिंग मॉड्यूल सहित वोटिंग उपरोक्त मतदान अवधि की समाप्ति पर अक्षम हो जाएगी। मेसर्स हिमांशु एस के गुप्ता एंड एसोसिएट्स, कंपनी सेक्रेटरीज के प्रोपराइटर श्री हिमांशु सुरेंद्रकुमार गुप्ता को डाक मतपत्र और ई-वोटिंग प्रक्रिया के संचालन के लिए जांचकर्ता नियुक्त किया गया है। यदि आवश्यक हो तो सदस्य डुप्लिकेट डाक मतपत्र फॉर्म के लिए अनुरोध कर सकते हैं। हालांकि, विधिवत हस्ताक्षरित डुप्लिकेट डाक मतपत्र फॉर्म जांचकर्ता के पास ऊपर निर्दिष्ट तिथि और समय से पहले पहुंच जाना चाहिए।

डाक मतपत्र का परिणाम मतदान की अंतिम तिथि से दो कार्य दिवसों के भीतर घोषित किया जाएगा तथा साथ ही कंपनी की वेबसाइट पर भी प्रदर्शित किया जाएगा तथा बीएसई को भी सूचित किया जाएगा।

इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से मतदान से संबंधित किसी भी प्रश्न/शिकायत के मामले में, आप एनएसडीएल की वरिष्ठ प्रबंधक सुश्री पल्लवी म्हात्रे से evoting@nsdl.com पर या टेलीफोन नंबर 022-48867000 पर संपर्क कर सकते हैं। आप www.evoting.nsdl.com के डाउनलोड अनुभाग में उपलब्ध शेयरधारकों के लिए अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न (एफएक्यू) और शेयरधारकों के लिए ई-वोटिंग उपयोगकर्ता पुस्तिका भी देख सकते हैं। पोस्टल बैलट नोटिस से संबंधित किसी भी प्रश्न के मामले में या यदि कोई सदस्य जिसका नाम कट-ऑफ तिथि तक सदस्यों के रजिस्टर/लाभार्थी स्वामियों की सूची में दिखाई देता है, उसे पोस्टल बैलट नोटिस प्राप्त नहीं हुआ है, तो वह cs@srsl.in पर लिख सकता है।

कृते श्री राजस्थान सिंटेक्स लिमिटेड
हस्ता/-
विकास लाडिया
प्रबंध निदेशक
डीन 00256289

दिनांकः 29.05.2024
स्थानः उदयपुर